## शैक्षणिक संस्थानों में जाकर छात्र-छात्राओं को नशा नहीं करने को लेकर जानकारी देकर जागरूक किया



**चौमहला।** राजस्थान पुलिस द्वारा एन्टी- नारकोटिक्स टास्क फ़ोर्स द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थानों में ऑपरेशन 'लक्ष्मण रेखा' के तहत नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया एएनटीएफ ने नशा मुक्ति एनजीओ व स्थानीय पुलिस को भी साथ लेकर शैक्षणिक संस्थानों में जाकर वहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोजेक्ट लक्ष्मण रेखा की जानकारी दी व बताया गया की नशा जीवन के लिए कितना खतरनाक है व नशे ने कई युवाओं को अपनी चपेट में लेकर उनका भविष्य खराब कर दिया। नशे के प्रकारों के बारे में जानकारी दी गयी। । इस दौरान आर्ट्स वाला क्लासेज चौमहला के छात्र-छात्राओं को भी नशे नही करने को लेकर जानकारी दी गई व इससे दूर रहने के तरीके बताएं कोचिंग संचालक राहुल जैन और स्टाफ सदस्य शोयब अख्तर, अमित पासी, नारायण सिंह उपस्थित रहे ओर टीम में कॉन्स्टेबल विष्णु कुमावत व राकेश कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया कार्यक्रम में तीन स्वयंसेवक और एक शिक्षक को अभियान सहयोग के लिए तैयार किया गया कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई।

## वीर सावरकर जयंती पर देशभक्तों को नमन: किया



**शामगढ़ (सुनील काला)।** स्वतंत्रता सेनानी वीर विनायक दामोदर सावरकर की जन्म जयंती के अवसर पर नगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने नीम चौक पर वीर सावरकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष कविता यादव नरेंद्र यादव डाली बाई जोशी नवीन फरक्या गोपाल जोशी मुकेश दानगढ़ वरिष्ठ समाजसेवी राधेश्याम वेद मंगल खाती पटेल भेरू जामलिया दिनेश खाती पटेल और पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरज संघवी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। नपा अध्यक्ष श्रीमती यादव ने वीर सावरकर जी के अंडमान की जेल में संघर्षों को याद करते हुए उनके बलिदान को याद करते हुए कहा कि वीर सावरकर ने अंग्रेजों के अत्याचारों और काल कोठरी की यातनाओं को हंसते-हंसते सहा, लेकिन कभी गुलामी स्वीकार नहीं की। उनका पूरा जीवन देश की आजादी के लिए समर्पित रहा। हमारी पीढ़ी को महापुरुषों के त्याग और बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए इस अवसर पर देशभक्ति के नारों के साथ नीम चौक गूंज उठा।

## पोरवाल मांगलिक भवन में तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा आयोजित होगा



**भानपुरा ।** स्थानीय पोरवाल मांगलिक भवन में आगामी 29 से 31 मई तक नानी बाई का मायरा पोरवाल महिला मंडल भानपुरा के तत्वाधान में आयोजित किया गया है।पोरवाल महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रेखा राजेश काला ने बताया कि कथा वाचक एवं भागवताचार्य पंडित राधे कृष्ण जी महाराज शामगढ़ वाले 29 मई शाम 7 बजे से नानी बाई का मायरा कथा प्रारंभ करेंगे। इसके पूर्व 28 मई को शाम 4:00 बजे से बजरंगबली मंदिर लोट खेड़ी तिराहा से शोभायात्रा प्रारंभ हुई। पोरवाल महिला मंडल भानपुरा ने श्रद्धालु जनों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में कथा में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

## मंदसौर के लायन सीए सिद्धार्थ अग्रवाल मल्टीपल काउंसिल में सम्मानित

**मंदसौर।** लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के सदस्य लायन सीए सिद्धार्थ अग्रवाल को इंदौर में आयोजित मल्टीपल काउंसिल अधिवेशन में प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायन मनोज शाह, द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मल्टीपल काउंसिल अध्यक्ष लायन मनीष शाह ने लायन सिद्धार्थ अग्रवाल को 'बेस्ट पब्लिक स्पीकिंग' (सर्वश्रेष्ठ वक्ता ) और 'बेस्ट नॉलेजेबल लायन' (सर्वश्रेष्ठ जानकार) जैसे मल्टीपल अवॉर्ड प्रदान किए। लायंस में उनकी सक्रिय भूमिका, नेतृत्व क्षमता और उत्कृष्ट वक्तव्य कला के लिए यह सम्मान दिया गया। उक्त बहुप्रांत 3233 मे 800 से अधिक क्लब के 25,000 से अधिक सदस्य' सम्मिलित है । सम्मान समारोह में लायंस इंटरनेशनल के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर वी.के. लडिया, पास्ट मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन लायन संजीव जैन, पीडीजी लायन अनिल नाहर, लायन अविनाश शर्मा, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रामकिशोर गर्ग, डीजी (इलेक्ट) लायन निशांत जैन, विडीजी -1 लायन सी.पी. विजयवर्गीय एवं विडीजी -2 लायन जितेंद्र मित्तल, पीडीजी लायन राजेंद्र अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल थे। लायन सीए सिद्धार्थ अग्रवाल की इस उपलब्धि पर लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के अध्यक्ष संजय पारिख सहित पूरी कार्यकारिणी ने हर्ष व्यक्त किया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रेवा नदी शुद्धिकरण एवं रेवा नदी किनारों का सफाई अभियान जारी

**भानपुरा (लालचंद रुद्रवाल )।**

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर परिषद भानपुरा के तत्वाधान में रेवा नदी शुद्धिकरण एवं रेवा नदी किनारों का सफाई अभियान लगातार जारी है। भानपुरा नगर की जीवनदायनी मां रेवा नदी की छाती चीरकर जब से नहर निकाली गई है, तब से ही रेवा नदी ने अपना मूल स्वरूप खो दिया।





इसके चलते रेवा नदी पर बने घाट क्षतिग्रस्त होकर वीरान हो चुके हैं। जीने विगत दिनों नगर परिषद द्वारा कुछ स्थानों पर मरम्मत कार्य करवाया गया। साथ ही रेवा नदी पर बने श्रृंखलाबद्ध स्टाफ डेम भी जब से रेवा नदी के बीच से नहर निकाली गई, तब से ही अपना अस्तित्व खो चुके हैं। रेवा नदी एक गंदे नाले में तब्दील होकर रेवा नदी के किनारों पर गंदगी व अतिक्रमण के साथ रेवा नदी के अंदर कटीली झाड़ियां व्याप्त होती रहती है। नगर परिषद के अध्यक्ष एवं परिषद के पार्षदों की इच्छा शक्ति एवं नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विगत दिनों से रेवा नदी शुद्धिकरण एवं रेवा नदी किनारों का लगातार सफाई अभियान जारी है। विगत दिनों नागर माता पुलिया से लेकर रेवा गार्डन तक रेवा नदी के किनारो एवं रेवा नदी के अंदर व्याप्त गंदगी कटीली झाड़ियां आदि को हटाकर रेवा नदी की सफाई की गई। गुरुवार 28 मई की सुबह जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जारी सफाई अभियान में नगर परिषद के साथ ही श्री सनातन धर्म मंडल ने भी अपनी सहभागिता की एवं शनि मंदिर व आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य संस्कृतिक भवन रेवा नदी तट पर सफाई अभियान चलाकर सफाई की गई। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया, सनातन धर्म मंडल अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्र मोहन गर्मे, पार्षद सुभाष बागड़ी, लालचंद रुद्रवाल, भूपेंद्र सोनी, डॉ राजेंद्र दुबे, वीरेंद्र लोहार, हरिकृष्ण मरमट, कृष्णकांत बंबोरिया सहित नगर के गणमान्य जन, नगर परिषद के अभिषेक जैन, जगदीश राठौर, हर्ष पंवार, सफाई मित्रों आदि ने सफाई अभियान में श्रमदान किया।

## सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ ने पोरवाल परिवार के सहयोग से रोटी बैंक में कराया भोजन

**मंदसौर।**

सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में श्रीमती कुसुम-महेश पोरवाल के परिणय दिवस के उपलक्ष्य में पोरवाल परिवार के विशेष सहयोग से स्थानीय गांधी चौराहा स्थित रोटी बैंक में निर्धन, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को आदरपूर्वक भोजन कराया गया।



इस सेवामयी आयोजन के दौरान सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री विनाली मेहता ने संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन में उत्सवों और खुशियों के क्षण बार-बार आते हैं, लेकिन उन खुशियों की सार्थकता तभी है जब हम उन्हें समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के साथ साझा करें। अपनी व्यक्तिगत खुशियों को जरूरतमंदों के साथ बांटने से मन को जो असीम संतोष और अलग ही खुशी मिलती है, उसकी तुलना किसी अन्य भौतिक सुख से नहीं की जा सकती। श्रीमती मेहता ने पोरवाल परिवार के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि समाज के हर सक्षम परिवार को अपने पारिवारिक उत्सवों, जन्मदिन और वर्षगांठ जैसे अवसरों पर ऐसे सेवा कार्यों का संकल्प लेना चाहिए, ताकि समाज में कोई भी व्यक्ति खुद को असहाय महसूस न करे।

इस पुनीत अवसर पर सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ की मंत्री पूर्णिमा चोरड़िया, नीमा जैन, अलका जैन, कोषाध्यक्ष प्रीति नगरीवाला, सहमंत्री किरण जैन व सुनीता पामेचा, तृप्ति अग्रवाल, नीलु पाटनी, पूर्व महामंत्री सुनीता बंडी, अंगुरबाला पितलिया तथा सक्रिय सदस्य रंजना जैन आदि उपस्थित रही।

## गोविंदजाने अचानक पहुचे विधायक कार्यालय,विधायक इंजीनियर को दिया आशीर्वाद

**आष्टा ।** ग्राम ग्राम में पूरे क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने वाले आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को निश्चित एक ओर जहां क्षेत्र के विकास की चिंता होती है,वही गौमाता की भी वो उतनी ही चिंता करते है,ये विधायक जी का गौमाता की सेवा और उनकी चिंता उनके गौ प्रेम को दर्शाता है,आष्टा विधायक जो कहते है,वो करते भी है,विगत 15 वर्षों से दस्ताखेड़ी गौमाता की सेवा में आ रहे है और हर साल गौमाता की सेवा में सहयोग करते है,इस साल तो इतनी सेवा की है की अब मेरी गौमाता के सिर पर टीन शेड की छाया हो जायेगी और बारिश में गोमाता,बछड़े सुखी हो जायेंगे उक्त उदगार सुप्रसिद्ध संत श्री गोविंद जाने ने विधायक कार्यालय में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के गौमाता प्रेम को लेकर व्यक्त किये । गोविंदजाने ने कहा में तो वैसे दूसरी विधानसभा क्षेत्र का हु फिर भी गौशाला में विधायक हर वर्ष सेवा करते है । गोविंद जाने ने कहा विधायक जी आपका परिवार,पूरा विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिक सुखी रहे,सम्पन्न रहे,धन,धान्य से सम्पन्न हो,सभी निरोगी हो यही आशीर्वाद देने आया हु । विधायक कार्यालय पहुचे संतश्री गोविंदजाने का विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भव्य अगवानी कर उनको नमन किया और आशीर्वाद लिया ।

## सूखी पहाड़ियों में बारिश के पानी को सहेजेंगे कंटूर ट्रेंच



**बड़वानी।** जिले के पाटी क्षेत्र की सूखी पहाडि़यों में अब कंटूर ट्रेंच के माध्यम से बारिश के पानी को सहेजने का काम किया जाएगा। इसे लेकर जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत कलेक्टर जयतिसिंह के निर्देशन में जल संग्रहण और भू-जल स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से कंटूर ट्रेंच का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह संरचना पहाड़ी और ढलानी क्षेत्र में बारिश के पानी को बहने से रोकेगी, जिससे मिट्टी का कटाव कम होगा और क्षेत्र का वाटर लेवल सुधरेगा। इस अभियान के तहत जल संरक्षण और पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के लिए भी जल स्त्रोतों की साफ-सफाई सहित गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत पाटी में अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आम लोगों के जनसहयोग से चाखलिया रोड़ स्थित पहाडि़यों में श्रमदान कर 270 कंटूर ट्रेंच बनाए गए। इस दौरान जपं के मंडल अध्यक्ष, संजय वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीकांत त्रीपाठी जंप सीईओ मीना झां, एसडीओ रुस्तम रावत, सचिव सयाराम वास्कले, उपयंत्री सरदार चौहान, सरपंच प्रतिनिधि सुभाष समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# मंदसौर में JITO चैप्टर का गठन, समाज सेवा और व्यापारिक सहयोग को मिलेगा नया आयाम

**मन्दसौर।**

जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (JITO) मंदसौर चैप्टर की कार्यकारिणी की घोषणा उत्साहपूर्वक की गई। संगठन द्वारा समाज सेवा, व्यापारिक सहयोग, शिक्षा, युवा सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवा, उद्यमिता विकास एवं सामाजिक एकता के उद्देश्यों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए नई टीम का गठन किया गया है।

घोषित कार्यकारिणी में श्री अंकित किमती को चेयरमैन, सीए विकास भंडारी को चीफ सेक्रेटरी एवं श्री मयूर सुराना को ट्रेजरर नियुक्त किया गया है। वहीं श्री पिंकेश चोरड़िया एवं श्री वैभव दुग्गड़ को वाइस चेयरमैन तथा श्री हर्षित सोनगरा एवं श्री मनीष बोहरा को जॉइंट सेक्रेटरी का दायित्व सौंपा गया है।

इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए समाजहित, संगठन विस्तार, व्यापारिक नेटवर्किंग और सेवा कार्यों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि JITO मंदसौर चैप्टर समाज के युवाओं, विद्यार्थियों, व्यापारियों, उद्यमियों और प्रोफेशनल्स को एक मजबूत मंच प्रदान करने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करेगा।

JITO के प्रमुख प्रकल्पों में जीतो इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन (JIIF), जीतो बिज़नेस नेटवर्क (JBN), जीतो एजुकेशन असिस्टेंस प्रोग्राम (JEAP), जीतो एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रेनिंग फाउंडेशन (JATF), जीतो युवा विंग एवं जीतो महिला विंग शामिल हैं। इन प्रकल्पों के माध्यम से हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा सहायता, प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग, ब्याज मुक्त ऋण, करियर मार्गदर्शन और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

साथ ही स्टार्टअप और उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के लिए भी JITO महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## तेज लूं वाली गर्मी में वाटर कूलर आमजन व मुसाफिरों के लिए अनमोल सहारा

**गांधीसागर ।**गाँधीसागर सेक्टर 3 व 8 में दानदाताओं व ग्राम पंचायत की सराहनीय पहल क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज तपती धूप से आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।




ऐसे में स्थानीय लोगों एवं आवागमन करने वाले मुसाफिरों को राहत पहुंचाने के लिए गाँधीसागर सेक्टर 3 एवं सेक्टर 8 में मंदिरों, प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए वाटर कूलर लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहे हैं।

गर्मी के इस विकराल दौर में राहगीरों और ग्रामीणों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु दानदाताओं एवं ग्राम पंचायत द्वारा जगह-जगह वाटर कूलर स्थापित किए गए हैं। इन वाटर कूलरों से दिनभर लोगों की प्यास बुझ रही है और राहगीरों को ठंडे पानी की सुविधा मिल रही है।

स्थानीय नागरिकों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में ठंडे पानी की व्यवस्था मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। विशेष रूप से दोपहर के समय जब तापमान अपने चरम पर रहता है, तब ये वाटर कूलर लोगों को राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ग्राम पंचायत एवं समाजसेवियों की इस पहल से क्षेत्र में सेवा और सहयोग की भावना भी देखने को मिल रही है। नागरिकों ने अन्य संस्थाओं एवं दानदाताओं से भी ऐसे पुण्य कार्यों में आगे आने की अपील की है।

## सात्विक भक्ति सर्वश्रेष्ठ होती है - स्वामी श्री केशवानंद जी



**मंदसौर।** पुरूषोत्तम (अधिक) मास के अवसर पर केशव सत्संग भवन, खानपुरा में , गुरूवार को नारद भक्ति सूत्र का वाचन करते हुए केशवनानंद जी महाराज चिन्मय मिशन आकोला ने बताया कि नारद मुनि बताते है कि भक्ति के तीन प्रकार होते है जिसमें सात्विक, राजसिक और तामसिक होती है। सर्वश्रेष्ठ भक्ति सात्विक भक्ति को बताया गया है। तामसिक भक्ति अपना भी नुकसान करती है और दूसरों का भी तामसिक भक्ति का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि पुराने समय में असुर राक्षस लोग तपस्या करके भक्ति करके भगवान को प्रसन्न करते थे बाद में उनसे प्राप्त वरदान का दुर्पयोग करके आमजनों को परेशान करते थे भस्मासुर ने तो महा तपस्या करके भगवान शिव को प्रसन्न कर वरदान प्राप्त किया कि जिसके सिर पर हाथ रखूं, वह जलकर भस्म हो जायें भगवान ने भी उसे वरदान दे दिया बाद में वहीं भस्मासुर उनके पीछे भागने लगा उनके सिर पर हाथ रखने के लिए ऐसे तामसिक भक्ति के कई उदाहरण है।

## सदगुरु कबीर साहेब प्रकटोत्सव का मेहर सेवा समिति के तत्वाधान में 29 मई को गुराडिया झाला में होगा भव्य आयोजन

**चौमहला।** गुराडिया झाला में आगामी29 मई को सदगुरु कबीर साहेब प्रकटोत्सव मेहर सेवा समिति के तत्वाधान में कबीर साहेब प्रकटोत्सव का भव्य और विशाल आयोजन होने वाला है।



कार्यक्रम में मुख्य प्रवचनकार संत श्री गुरुरमन साहेब की कबीर वाणी से आमजन लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में सह वक्ता के रूप में संत श्री असीम साहेब शिरकत करेंगे। साथ ही आकाशवाणी दूरदर्शन कलाकार नारायण सिंह सिसोदिया अपनी वाणी से कबीर भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम मेहर समाज जिलाध्यक्ष झालावाड़ चेतराज गेहलोत की अध्यक्षता में आयोजित होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार, प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान धर्मराज मेहरा,क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल,प.स. सदस्य राजेन्द्र सिंह परिहार , कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा अभियान झालावाड़ राजेश मेहरा सहित कई जनप्रिनिधि, वरिष्ठ समाज सेवी, मातृ शक्ति और क्षेत्र के सत्संग प्रेमी उपस्थित रहेंगे